# नमूना कृतिपत्रिका–2

## दसवीं कक्षा : द्‌वितीय भाषा हिंदी – (संयुक्त) : लोकवाणी

**समय : 2 घंटे** **कुल अंक : 50**

**सूचनाएँ –** (1) सूचना के अनुसार गद्‌य, पद्‌य, भाषा अध्ययन (व्याकरण) की आकलन कृतियों में आवश्यकता के अनुसार आकृतियों में ही उत्तर लिखना अपेक्षित है।

(2) सभी आकृतियों के लिए पेन का ही प्रयोग कीजिए।

(3) रचना विभाग (उपयोजित लेखन) में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए आकृतियों की आवश्यकता नहीं है।

(4) शुद्‌ध, स्पष्ट एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित है।

## विभाग 1 – गद्‌य : 12 अंक

**प्र. 1 (अ) निम्नलिखित पठित गद्‌यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए :–**

देखा, कुछ दूर पर सहिजन झूम रहा था। जैसे बुला रहा है । 'आता हूँ भाई ! कहो कैसे हो? तुम तो सदाबहार हो भाई ! और पेड़ तो वसंत में फूलते हैं, तुम तो बारहों मास सुगंध भरे फूलों से लदे रहते हो और उन फूलों पर मधुमक्खियाँ व भौंरे गुनगुनाया करते हैं। जाड़ों में जब मैं तुम्हारे पास धूप में बैठता हूँ, तब तुम्हारी मतवाली सुरभि से नहाता रहता हूँ। भीतर कविता गुनगुनाती है, बाहर तुम्हारे फूल और बारहों मास तुम फलियों से लदे होते हो। वे फलियाँ मेरे घर से लेकर पड़ोस तक अपना स्वाद बाँटती रहती हैं।'

(1) **उत्तर लिखिए :–** 2

**सहिजन की विशेषताएँ :–**

**(क)** ____________________

**(ख)** ____________________

(2) **गद्‌यांश में आए विरुद्‌धार्थी शब्दों की जोड़ियाँ लिखिए :–** 2

**(ग)** ( ______ ) × ( पास ) , **(घ)** ( ______ ) × ( दुर्गंध )

(3) **'वृक्ष परोपकारी होते हैं', इसपर अपने विचार लिखिए।** 2

**प्र. 1 (आ) निम्नलिखित पठित गद्‌यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए :–**

अशोक ने अपने पारिवारिक मित्र से बड़े अचरज से पूछा, ''मैं हमेशा देखता हूँ, तुम अपनी सौतेली माँ की दिन–रात सेवा करते रहते हो, लेकिन वह तुम्हें हमेशा बुरा–भला कहती है। बड़ी अजीब बात है, हमारे तो बस का काम नहीं है इतना सुनना, तुम कैसे कर लेते हो इतना सब्र?''

''करना पड़ता है भाई !'' सुरेश ने फीकी मुस्कान से कहा, ''इन्वेस्टमेंट सेंटर चलाता हूँ न, बाहर पैसे का इन्वेस्टमेंट करवाता हूँ और घर में संस्कारों का इन्वेस्टमेंट कर रहा हूँ।''

''संस्कारों का इन्वेस्टमेंट, वह कैसे?''

''बचपन में मैंने परिजनों को बुजुर्गों की सेवा करते देखा। इसी भाव का इन्वेस्टमेंट अब अपने बच्चों में कर रहा हूँ।''

(1) **उत्तर लिखिए :–** 2

सुरेश संबंधी जानकारी

__________ __________

(2) (क) **गद्यांश में प्रयुक्त शब्द युग्म ढूँढ़कर उसका अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए :–** 2

__________ : ------------------------------------------

(ख) **गद्यांश से दो विदेशी शब्द ढूँढ़कर लिखिए :–**

__________ , __________

(3) **'भारतीय संस्कृति सर्वश्रेष्ठ है', इसपर अपने विचार लिखिए।** 2

## विभाग 2 – पद्य : 10 अंक

**प्र. 2 (अ) निम्नलिखित पठित पद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए :–**

यहाँ हर शख्स हर पल हादिसा होने से डरता है,
खिलौना है जो मिट्‌टी का, फना होने से डरता है।
मेरे दिल के किसी कोने में इक मासूम-सा बच्चा,
बड़ों की देखकर दुनिया बड़ा होने से डरता है।
न बस में जिंदगी इसके, न काबू मौत पर इसका,
मगर इन्सान फिर भी कब खुदा होने से डरता है।
अजब ये जिंदगी की कैद है, दुनिया का हर इन्साँ,
रिहाई माँगता है और रिहा होने से डरता है।

(1) **एक / दो शब्दों में उत्तर लिखिए :–** 2

(क) हादिसा होने से डरने वाला = __________

(ख) फना होने से डरने वाला = __________

(ग) बड़ा होने से डरने वाला = __________

(घ) रिहाई माँगकर रिहा होने से डरने वाला = __________

(2) **वचन पहचानकर लिखिए :–** 1

(च) हादिसा = __________

(छ) खिलौने = __________

(3) **'बचपन के दिन सुहाने', इसपर अपने अनुभव लिखिए।** 2

**प्र. 2 (आ) निम्नलिखित पठित पद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए :–**

मानते जी की हैं, सुनते हैं सदा सबकी कही,
जो मदद करते हैं अपनी इस जगत में आप ही,
भूलकर वे दूसरे का मुँह कभी तकते नहीं,
कौन ऐसा काम है वे कर जिसे सकते नहीं।

कार्य थल को वे कभी नहिं पूछते 'वह है कहाँ',
कर दिखाते हैं असंभव को वही संभव यहाँ,
उलझनें आकर उन्हें पड़ती हैं जितनी ही जहाँ,
वे दिखाते हैं नया उत्साह उतना ही वहाँ।

**(1) लिखिए :–** 2

**कर्मवीर की विशेषताएँ** < ______________ / ______________

**(2) लिंग पहचानिए :–** 1

जगत = ________

उलझन = ________

**(3) 'कर्म ही पूजा है', इसपर अपने विचार लिखिए।** **2**

## विभाग 3– भाषा अध्ययन (व्याकरण) : 10 अंक

**प्र. 3 सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए :–**

**(1) सही शब्द छाँटकर लिखिए :–** 1

**(क)** मन्त्रमूग्ध / मँत्रमुग्ध / मंत्रमुगद्ध / मंत्रमुग्ध

**(ख)** सिरदरद / सीरदरद / सिरदर्द / सीरदर्द

**(2) निम्नलिखित अव्यय का वाक्य में प्रयोग कीजिए :–** 1

अथवा

**(3) (ग) कालभेद पहचानिए :–** **1**

एक दिन एक आदमी ने तो कमाल कर दिया।

**(घ) कालपरिवर्तन कीजिए :–** **1**

वे पास के कमरे में बैठे हैं। (अपूर्ण वर्तमानकाल)

**(4) (च) मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :–** 1

आँखें मूँदकर चलना

**(छ) अधोरेखांकित वाक्यांश के लिए उचित मुहावरे का चयन करके वाक्य फिर से लिखिए :–** 1

(टीस उठना, तिलमिला उठना)

रमेश से पाँच सौ का नोट गुम हो जाने पर पिता जी <u>क्रोधित हो गए</u>।

(5) **कृति पूर्ण कीजिए :–** 2

| संधि शब्द | संधि विच्छेद | भेद |
|---|---|---|
| सूर्यास्त | ________ | ________ |
| ________ | सम् + तोष | ________ |

(6) **वाक्य भेद पहचानिए :–**

**(ज)** वर्षा हो रही है इसलिए छाता ले लो। (रचना के अनुसार) 1

**(झ)** मुझे ये दान गरीबों को देना है। (अर्थ के अनुसार) 1

## विभाग 4– रचना विभाग (उपयोजित लेखन) : 18 अंक

प्र. 4 (अ) (1) **पत्रलेखन :–** 4

**निम्नलिखित जानकारी के आधार पर पत्र लिखिए :–**

हर्ष / हर्षा अग्रवाल, शारदा विद्या मंदिर, महाद्वार रोड, कोल्हापुर से शालेय बैंड पथक-विद्यार्थी प्रतिनिधि के नाते व्यवस्थापक, स्पोर्ट्स एम्पोरियम, सातारा को पत्र लिखकर बैंड सामग्री की माँग करता / करती है ।

(2) **कहानी लेखन :–** 4

**निम्नलिखित मुद्दों के आधार पर 60 से 70 शब्दों में कहानी लिखिए :–**

एक कुत्ता --- मुँह में रोटी का टुकड़ा --- नदी पर पुल --- पानी में छाया --- कुत्ते का भौंकना --- लालच का फल ।

**अथवा**

**गद्य आकलन – प्रश्ननिर्मिति :–**

**निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर ऐसे चार प्रश्न तैयार कीजिए जिनके उत्तर गद्यांश में एक–एक वाक्य में हों :–**

हम आकाश का वर्णन करते हैं, पृथ्वी का वर्णन करते हैं, जलाशयों का वर्णन करते हैं पर कीचड़ का वर्णन कभी किसी ने किया है? कीचड़ में पैर डालना कोई पसंद नहीं करता, कीचड़ से शरीर गंदा होता है, कपड़े मैले हो जाते हैं। अपने शरीर पर कीचड़ उड़े; यह किसी को भी अच्छा नहीं लगता और इसीलिए कीचड़ के लिए किसी को सहानुभूति नहीं होती। यह सब यथार्थ है किंतु तटस्थता से सोचें तो हम देखेंगे कि कीचड़ में कुछ कम सौंदर्य नहीं है। पहले तो यह कि कीचड़ का रंग बहुत सुंदर है। पुस्तकों के गत्तों पर, घरों की दीवालों पर अथवा शरीर पर के कीमती कपड़ों के लिए हम सब कीचड़ जैसे रंग पसंद करते हैं।

प्र. 4 (आ) **विज्ञापन :–** 4

**निम्नलिखित जानकारी के आधार पर 50 से 60 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए :–**




प्र. 4 (इ) **निबंध लेखन :–**

**किसी एक विषय पर 70 से 80 शब्दों में निबंध लिखिए :–** 6

(1) मेरी अविस्मरणीय यात्रा (2) यदि मैं शिक्षक होता

****